# हर शहर में बनेगा गीता भवन, इंदौर से शुरू हुआ सांस्कृतिक नवाचार

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के हर नगर में ऐसे केंद्र बनाने की घोषणा की
- सीएम ने अत्याधुनिक गीता भवन किया समर्पित




नव भारत न्यूज

**इंदौर. गीता जयंती पर इंदौर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए गीता भवन का लोकार्पण किया और घोषणा की कि प्रदेश के हर नगर में इसी तर्ज पर गीता भवन विकसित किए जाएंगे.**

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव और गीता जयंती के अवसर पर शनिवार को इंदौर को एक ऐतिहासिक सौगात मिली. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर परिसर में विकसित राज्य के पहले अत्याधुनिक गीता भवन का लोकार्पण किया. यह भवन परंपरा और आधुनिकता का समन्वय प्रस्तुत करता है और धार्मिक-सांस्कृतिक अध्ययन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत तैयार किया गया है. मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब प्रदेश के सभी नगर निगम, नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में भी इसी मॉडल पर गीता भवन विकसित किए जाएंगे. उन्होंने कहा कि मालवा की सांस्कृतिक विरासत, कृष्ण भक्ति और गीता का संदेश मध्यप्रदेश की दिशा तय करते हैं. गीता के प्रत्येक अध्याय में ज्ञान, दर्शन, विज्ञान, योग और कर्तव्य की भावना निहित है और यही जीवन के हर चरण में मार्गदर्शन प्रदान करती है.

### लाइब्रेरी व प्रदर्शनी का अवलोकन किया

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वीर भारत न्यास द्वारा प्रकाशित 'श्रीकृष्ण चरित मानस' और 'अमृतस्य अवंतिका' का भी विमोचन किया. उन्होंने 'श्रीकृष्ण चरित मानस' के लेखक रामेश्वर लखनलाल पाटीदार को पाँच लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की. इसके बाद मुख्यमंत्री ने कृष्ण लीलाओं पर आधारित नाट्य प्रस्तुति भी देखी. कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोपाल मंदिर में पूजन-अर्चन कर प्रदेश की समृद्धि की कामना की. उन्होंने मंदिर परिसर में निर्मित डिजिटल लाइब्रेरी और प्रदर्शनी विथिका का अवलोकन भी किया.

### अत्याधुनिक सभागृह और नई लाइब्रेरी

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत बने इस गीता भवन में 550 सीटों वाला अत्याधुनिक सभागृह विकसित किया है, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रवचनों और शैक्षणिक आयोजनों के लिए उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं. इसके साथ ही 50-सीटर आधुनिक रीडिंग हॉल, समृद्ध डिजिटल लाइब्रेरी, ई-बुक्स, व्याख्यान, ऑनलाइन कोर्स और आध्यात्मिक साहित्य का विशाल संग्रह नागरिकों के लिए तैयार किया है. लाइब्रेरी की आंतरिक सज्जा को शांत और एकाग्रता बढ़ाने वाले वातावरण के अनुरूप डिजाइन किया है. परिसर में प्रदर्शनी कक्ष भी विकसित किए हैं, जिससे यह स्थल धार्मिक विरासत के साथ कला-संस्कृति के उन्नयन का भी केंद्र बनेगा.

### संघर्ष में देती है आत्मबल

मुख्यमंत्री ने भगवान कृष्ण के जीवन से संगठन, साहस, धर्मरक्षा और अन्याय के प्रतिकार का संदेश याद दिलाते हुए कहा कि गीता संकट में बल और संघर्ष में आत्मबल देती है. कार्यक्रम में उन्होंने गीता जयंती पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा भी की और बताया कि विजेताओं को नगद राशि के साथ ई-रिक्शा, ई-बाइक और लैपटॉप प्रदान किए जाएंगे. इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा, श्रवण चावड़ा, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष सावन सोनकर, गौरव रणदिवे सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे.

#### एक नजर में

## रचनाकार त्रिवेणी की सदस्यों ने किया काव्यपाठ



**इंदौर.** मुट्ठी से रेत की तरह फिसलता जा रहा एक और साल कैलेंडर से और जीवन से भी, इन पंक्तियों से मंजुला भूतड़ा ने फूल नहीं रंग बोलते हैं विषय पर आधारित काव्य पाठ आयोजन का संचालन प्रारंभ किया. कैनरीज आर्ट गैलरी में रचनाकार त्रिवेणी की 30 सदस्यों ने योगेन्द्र सेठी की नुमाया पेंटिंग्स के बीच शब्दों के रंग से खूबसूरत समाँ बांधा. सभी कवयित्रियों ने अपने मनोभाव व्यक्त किए. मीना गोदरे ने अपनी कविता में कहा जो बारूद न कर पाए, वह कागज कलम करेंगे. आशा जाकड़ ने कहा जो रूठे हैं उन्हें मना लेना, भूली बिसरी यादें सजा लेना कीर्ति सिंह गौड ने, आओ यात्रा करते हैं रंग-बिरंगे साल की, शोभारानी तिवारी ने कहा र्षित बेला, पुलकित तन मन, नववर्ष का स्वागत है. संजू पाठक आओ बात करें विगत वर्ष की, खट्टी मीठी, कुछ हर्ष की ममता तिवारी, नई भोर को आमंत्रित कर धरती को प्रकाशमान करें सीमा बंगलोवाला, जीवन चलता नहीं, रंगता है जिन्दगी को, डॉ स्वाति सिंह, फूल नहीं रंग बोलते हैं, डॉ आरती वर्मा मैं शब्दवंशी हूं, कुछ खास लाई हूं, निशा चतुर्वेदी, श्रुति चौधरी, नवनीत जैन, प्रभा तिवारी, मीना अग्रवाल आदि ने भी काव्य रचनाएं पढ़ी. मणिमाला शर्मा ने प्रार्थना की, योगेन्द्र सेठी ने अपनी कला यात्रा बताई एवं रवींद्र व्यास ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी.

## व्हीलचेयर डांस शो आज माथुर सभागृह में

**इंदौर.** जैन सोशल ग्रुप इंदौर मैन की ओर से 2 दिसंबर सोमवार की शाम को 6 बजे अनस्टापैबल व्हील चेयर डांस शो का आयोजन विजय नगर स्थित आंनद मोहन माथुर सभागृह में किया जा रहा है. संस्था अध्यक्ष एवं पर्यावरणविद् डॉ. शंकर लाल गर्ग ने बताया कि इस शो में बेंगलूरु का एबिलिटी अनलिमिटेड ग्रुप विशेष प्रस्तुति देगा. इस शो में में 15 से अधिक कलाकार मूकबधिर है, जो मंच पर गीता, रामायाण, श्रीगणेश स्तुति व दुर्गा पाठ की अनूठी प्रस्तुति देंगे. इस शो में मूक बधिर संस्थाओ के बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल होगा. यह ग्रुप पूर्व में राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के समक्ष भी प्रस्तुति दे चुका है. यह शो अपनी अदम्य क्षमता के लिए जाना जाता है. 2 दिसम्बर के शो में बड़ी संख्या में दिव्यांग बच्चे शामिल रहेंगे. इस शो के आयोजन प्रदेश मे और भी जगह होंगे.

## पैनासोनिक ने धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**इंदौर.** पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने भारत के सबसे प्रसिद्ध क्रिकेटिंग आइकन और दुनिया भर में कैप्टन कूल के नाम से मशहूर एमएस धोनी को भारत में अपने एयर कंडीशनर पोर्टफोलियो के नए ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल किया है. धोनी निरंतरता, संयम और उच्च क्षमता वाले प्रदर्शन का उदाहरण देते हैं, ऐसे गुण जो अगली पीढ़ी के कूलिंग समाधानों की कप्तानी करने की पैनासोनिक की विरासत को प्रतिबिंबित करते हैं. धोनी का स्वागत करते हुए तदाशी चिबा, एमडी और सीईओ, पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने कहा, यह साझेदारी साझा मूल्यों का प्रतिबिंब है. धोनी का शांत नेतृत्व और भरोसेमंद प्रदर्शन इस भावना को दर्शाता है. धोनी सिर्फ स्टार पावर ही नहीं, बल्कि भारतीय उपभोक्ताओं से गहरा जुड़ाव भी लाते हैं. हम मिलकर भारत में पैनासोनिक की यात्रा का एक यादगार अध्याय लिखने की उम्मीद करते हैं. महेंद्र सिंह धोनी ने कहा मेरे लिए यह साझेदारी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह साझा मूल्यों को दर्शाती है - विश्वास, विश्वसनीयता, समाज के प्रति योगदान और लगातार बेहतर बनने की इच्छा.

## स्कोडा ने भारत में 5 लाख गाड़ियां बेची

**इंदौर.** स्कोडा ऑटो इंडिया भारत में अपनी ग्रोथ जारी रखे हुए है, भारत में अपनी एंट्री के बाद से 5 लाख यूनिट्स की बिक्री का लैंडमार्क पार कर लिया है. अपनी सिल्वर जुबली में, ब्रैंड पहले ही कई मंथली, क्वार्टरली और एनुअल माइलस्टोन हासिल कर चुकी है और 2025 के आखिरी से पहले महीने में, ब्रैंड ने देश में 5,491 यूनिट्स बेचीं, जो पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले 90% साल-दर-साल रिकॉर्ड ग्रोथ रहा. ग्रोथ पर कमेंट करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर, आशीष गुप्ता ने कहा हमारा बढ़ता नेटवर्क, हमारी वैल्यू-ड्रिवन ओनरशिप ऑफरिंग, और बड़ा प्रोडक्ट पोर्टफोलियो मुख्य ड्राइविंग फोर्स रहे हैं, जिन्होंने हमारी 5 लाख लैंडमार्क सेल्स और हर महीने हमारी लगातार साल-दर-साल सेल्स ग्रोथ को बढ़ाया है। हम अपने प्रोडक्ट्स के साथ और अपने कस्टमर्स और अपने फैंस के करीब जाकर इस मोमेंटम को बनाए रखेंगे.

## एयू बैंक ने रणबीर-रश्मिका को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**इंदौर.** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना को अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने की घोषणा की है. एयू एसएफबी जल्द ही दोनों एंबेसडरों की उपस्थिति के साथ 360-डिग्री इंटिग्रेटेड मीडिया कैम्पेन लॉन्च करेगा. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय अग्रवाल ने कहा रणबीर और रश्मिका भारत के अलग-अलग क्षेत्रों और विभिन्न दर्शक वर्गों के साथ गहरे स्तर पर जुड़ाव रखते हैं. उनकी मौजूदगी हमें युवा पेशेवरों, नए उभरते उद्यमियों और देशभर के परिवारों तक अपने संदेश को और अधिक स्पष्टता व भरोसेमंद तरीक़े से पहुँचाने में मदद करेगी। जल्द लॉन्च होने वाला हमारा 360-डिग्री कैम्पेन टीवी, डिजिटल और प्रिंट के माध्यम से न केवल हमारे उत्पादों की क्षमता को दर्शाएगा, बल्कि एयू द्वारा बेहतरीन ग्राहक अनुभव देने के हमारे वादे को भी और मजबूत करेगा.

## पाम ऑयल व भ्रामक लेबल्स पर गलतफहमियां दूर कीं

**इंदौर.** खाद्य तेलों को लेकर उपभोक्ताओं के बढ़ते भ्रम और ऑनलाइन प्रसारित हो रही गलत सूचना के बीच, मलेशियन पाम ऑयल काउंसिल (एमपीओसी) ने एक नई छह-भाग की पॉडकास्ट सीरीज़ लॉन्च की है, जिसका उद्देश्य भारतीय परिवारों को सोच-समझकर, विज्ञान-आधारित विकल्प अपनाने में मदद करना है. यह सीरीज़ एमपीओसी की पहले की डिजिटल पहलों पर आधारित है, जिन्होंने मलेशियन पाम ऑयल के पीछे के पोषण, विज्ञान और सस्टेनेबिलिटी को सरल बनाकर लाखों भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुंच बनाई थी. इस सीरीज़ के पहले दो पॉडकास्ट एपिसोड में पोषण विशेषज्ञ और क्रिएटर लीमा महाजन को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है. यह पॉडकास्ट रसोई की सुलभ बातचीत को साक्ष्य-आधारित जानकारियों के साथ मिलाता है, जो स्वास्थ्य, आहार वसा, स्थिरता और भ्रामक मार्केटिंग लेबलों पर केंद्रित है. प्रत्येक एपिसोड व्यापक रूप से प्रसारित मिथकों को तोड़ता है और श्रोताओं को रोजमर्रा के खाना पकाने के लिए स्पष्ट, व्यावहारिक सुझाव प्रदान करता है.

# कलेक्टर, निगम आयुक्त पहुंचे हाईकोर्ट पेशी पर

- मामला बीआरटीएस की सुनवाई का
- वकीलों की एक कमेटी गठित करने के आदेश

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** बीआरटीएस की रैलिंग हटाने को लेकर जनहित याचिका सुनवाई में आज कलेक्टर और निगम आयुक्त पेश हुए. हाईकोर्ट को दोनों अधिकारियों ने कोर्ट में एक तरफ की रेलिंग 15 में हटाने का जवाब पेश किया. हाईकोर्ट ने मामले में वकीलों की एक कमेटी भी गठित करने के आदेश दिए है.

बीआरटीएस सड़क की रेलिंग हटाने में देरी और यातायात व्यवस्था बिगड़ने को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया ने जनहित याचिका दायर की थी. उक्त याचिका में प्रशासन और नगर निगम की लापरवाही को आधार बनाया गया है, जिसमें शहर की जनता परेशान हो रही है. याचिका की सुनवाई में हाईकोर्ट ने कलेक्टर और निगम आयुक्त को पेशी पर तलब किया था. आज हाईकोर्ट में उक्त मामले में कलेक्टर शिवम वर्मा और निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव दोनों पेशी पर उपस्थित हुए. सुनवाई के दौरान जस्टिस विनोद कुमार शुक्ला और विनय कुमार द्विवेदी ने अधिकारियों से जवाब मांगा कि भोपाल में 3 दिन में बीआरटीएस हट गया था. यहां तीन महीने में भी नहीं हटाया जा सका है?

इस पर दोनों अधिकारियों ने 15 दिन में एक तरफ की रेलिंग हटाने का जवाब पेश किया. साथ ही कारण बताया कि एजेंसी तय होने में देरी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है. अब एजेंसी तय हो गई है और तीन महीने में पूरा काम खत्म हो जाएगा. अधिकारियों के जवाब पेश करने के बावजूद हाईकोर्ट ने 5 अधिवक्ताओं की एक कमेटी बनाकर निगरानी और रिपोर्ट बनाने के आदेश भी दिए.

### हाईकोर्ट द्वारा गठित अधिवक्ता कमेटी

हाईकोर्ट ने बीआरटीएस सड़क को लेकर एनएस भाटी, अजयराज गुप्ता, कौस्तुभ पाठक, जय शर्मा, प्रदुम्न किबे की कमेटी बनाई है.

# मतदाता सूची का काम तय समय से पहले पूरा होने की संभावना

- निर्वाचन आयोग सचिव ने की इंदौर जिले की सराहना



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** इंदौर जिले में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण समय सीमा से पहले पूरा होने की संभावना है. इसकी वजह यह है कि इंदौर जिले में टीम भावना और तकनीक का उपयोग प्रभावी रूप से अपनाया जा रहा है.

यह बात भारत निर्वाचन आयोग सचिव ने आज समीक्षा बैठक के बाद कही. भारत निर्वाचन आयोग सचिव विनोद कुमार ने आज कलेक्टर कार्यालय में विधासभा वार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक ली. समीक्षा में एसआईआर कार्य प्रगति रिपोर्ट देखकर सराहना की. उन्होंने कहा कि इंदौर में उक्त अभियान पूर्ण पारदर्शिता, टीम भावना, गुणवत्तापूर्ण कार्यप्रणाली तथा तकनीक के प्रभावी उपयोग के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है. उन्होंने भरोसा जताया कि इस गति से कार्य जारी रहा, तो इंदौर अपने तय लक्ष्य को समय सीमा से पहले ही प्राप्त कर लेगा. बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी नवजीवन विजय पवार, सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे. बैठक में अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की

### 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका: पंवार

एडीएम नवजीवन पंवार ने बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 28 लाख 67 हजार 294 मतदाता है. इनमें से 20 लाख 13 हजार 850 मतदाताओं की जानकारी डिजिटाइजेशन हो गई है. इस तरह जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य 70 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो गया है. तेज गति से अभी भी कार्य जारी है और तय लक्ष्य निर्धारित समय के पहले पूरा हो जाएगा. जिले में विधानसभा क्षेत्र देपालपुर में 82 .35 प्रतिशत, इंदौर-1 में 63 .37 प्रतिशत, इंदौर-2 में 60 .82 प्रतिशत, इंदौर-3 में 67 .76 प्रतिशत, इंदौर-4 में 64 .34 प्रतिशत, इंदौर-5 में 62 .99 प्रतिशत, महू में 81 .64 प्रतिशत, राऊ में 65 .95 तथा सांवेर में लगभग शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है.



# उत्तरी हवाओं से फिर शीतलहर, रात का पारा 8 .2 डिग्री दर्ज

नव भारत न्यूज

**इंदौर. प्रदेश में कहीं कहीं उत्तरी हवाओं का दबाव होने से शीतलहर आ गई है. कहीं कहीं दक्षिणी हवाओं से तापमान बढ़ भी गया है. साथ ही कहीं पर उत्तरी हवाओं के थमने से गर्मी का एहसास भी हो रहा है. कल रात प्रदेश का सबसे ठंडा शहर पचमढ़ी रहा है. यह बात अलग है कि वह पहाड़ी इलाकों में आता है.**

शहर में दूसरे चरण की शीतलहर चल रही है. इसका कारण उत्तरी हवाओं का दबाव बढ़ना है. दिन में भी आज ठंडी हवाओं का असर महसूस किया गया. आज इंदौर में रात का पारा 8.2 न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5 डिग्री कम है. कल भी रात का तापमान 9 डिग्री दर्ज हुआ था, जो सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस कम था. दिन का तापमान अधिकतम 26.6 डिग्री दर्ज हुआ है, कल भी यही था. प्रदेश के कई शहरों में तापमान 10 डिग्री के अंदर दर्ज हुआ है. इसका कारण यह है कि जहां उत्तरी हवाओं का दबाव है, वहां पारा गिर रहा है और जहां दक्षिणी हवाओं का असर है, वहां पारा सामान्य है. इसकी बड़ी वजह है कि उत्तरी हवाओं जहां पर थम रही है वहीं तक ठंड है, बाकी जगह तापमान सामान्य है. प्रदेश में सबसे गर्म दिन नर्मदापुरम 29.8 और रात में सबसे गर्म 15 डिग्री श्योपुर में दर्ज किया गया. पचमढ़ी में सबसे ज्यादा ठंडा 6.5 न्यूनतम पारा रहा, जो सामान्य से 8 डिग्री कम है. शीतलहर का कुछ शहरों में असर है और कुछ में नहीं.

### तीन-चार दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञ अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि शीतलहर का दूसरा दौर शुरू हो गया है. यह उत्तरी हवाओं के कारण है. उतरी हवाएं जहां थम रही है, वहां तक ठंड का असर है, बाकी शहरों में उत्तरी हवाओं का जोर कम है वहां गर्मी या सामान्य तापमान दर्ज हो रहा है. अभी डब्ल्यू डी के प्रभाव पर है. यह सामान्य तौर अगले तीन चार दिन बना रहेगा. इसके बाद फिर से वेव आएगी और ठंड या शीतलहर बढ़ेगी.

# महापौर द्वारा सौंदर्यीकरण कार्य का मौका मुआयना



**इंदौर. आज पलासिया चौराहा सेल्फी प्वाइंट के जनभागीदारी से सौंदर्यीकरण का महापौर ने मौका मुआयना किया.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा आज सुबह पलासिया चौराहा पर स्थित सेल्फी प्वाइंट सौंदर्यीकरण कार्य निरीक्षण किया. उक्त कार्य जनभागीदारी से किया जा रहा है. महापौर द्वारा चौराहा सौंदर्यीकरण के तहत सेल्फी पॉइंट पर अखंड भारत का पत्थर से नक्शा बनाने, फाउंटेन लगाने करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त मनोज पाठक, पार्षद प्रतिनिधि अनिल गौहर, महापौर प्रतिनिधि विवेक सिंह, कार्यपालन यंत्री अश्विन जनवदे, उप यंत्री राहुल रघुवंशी एवं अन्य उपस्थित थे.

# कालिंदी गोल्ड दत्त मंदिर में दत्त जयंती महोत्सव कल से

**इंदौर. स्वामी दत्तानंद सेवा मंडल ट्रस्ट, श्री अवधूत दत्त मंदिर व आश्रम कालिंदी गोल्ड कालोनी, उज्जैन रोड, इन्दौर के तत्वावधान में 3, 4, 5 दिसम्बर को श्री दत्त जयंती महोत्सव 2025 श्रीमद् सदगुरु श्री तैलंग स्वामी महाराज के मार्गदर्शन, आशीर्वाद व सानिध्य में कालिंदी गोल्ड दत्त मंदिर में मनाया जायेगा.**

उक्त उत्सव में दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के पश्चात वेदमूर्ति आचार्य विनायक दुराफे गुरुजी एवं अन्य ब्रह्मवृन्दों द्वारा मंत्रजागर का कार्यक्रम एवं नरोसोबा की वाड़ी (कोल्हापुर) के प्रसिद्ध कीर्तनकार शरद बुआ घाग के कीर्तनों की प्रस्तुति होगी. श्री दत्त जयंती महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में श्रीजी का पञ्चसूक्त पवमान से अभिषेक, सत्यदत्त कथा सत्यदत्त पूजा तथा होम हवन (दत्तयाग) आदि होंगे. उसके पश्चात सायंकाल शरद बुआ घाग द्वारा दत्त जन्म आख्यान के साथ दत्त जन्म उत्सव मनाया जाएगा. रात्रि स्वामी दत्तानंद सेवा मण्डल की अनौपचारिक बैठक के पश्चात् सत्संग, पादूपूजा व दीक्षा समारोह के बाद भक्तों द्वारा भजनों की प्रस्तुति होगी. उत्सव के अंतिम दिन 5 दिसंबर को आकाशवाणी के कलाकार संतोष अग्निहोत्री द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति प्रातः 10 से 12 बजे दी जाएगी. अन्य धार्मिक आयोजनों के उपरांत श्रीजी की महाआरती व महाप्रसाद के साथ ही त्रिविदसीय दत्त जयंती महोत्सव 2025 को समापन होगा.



# जीवन की अनंत कला है गीता का ज्ञान

**इंदौर.** जेल प्रशासन द्वारा सब जेल देपालपुर परिसर में आयोजित गीता जयंती समारोह में मुख्य अतिथि तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने अपने उद्बोधन में कहा कि गीता जयंती का यह पावन अवसर जीवन में सत्कर्म, आत्मनियंत्रण और कर्तव्यपरायणता को स्थापित करने का संकल्प दिलाता है.

जिला न्यायाधीश श्री खान ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रसिद्ध वचनों का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य का अधिकार केवल अपने कर्म पर है, फल पर नहीं. निष्काम कर्म ही व्यक्ति को वास्तविक सफलता और संतोष प्रदान करते हैं. श्री खान ने आगे कहा कि गीता का ज्ञान मनुष्य को अपने मन का स्वामी बनना सिखाता है, और यही जीवन जीने की अनंत कला है जो हर परिस्थिति में सही मार्ग दिखाती है. कार्यक्रम के दौरान चौबीस अवतार मंदिर देपालपुर के आचार्य पंडित ईशान शर्मा ने सभी बंदियों के साथ श्रीमद्भगवद्गीता के पंद्रहवें अध्याय 'पुरुषोत्तम योग' का प्रभावी एवं भावपूर्ण वाचन किया. संचालन योग गुरु डॉ. इंदर सिंह राठौर ने किया. आभार प्रदर्शन सहायक जेल अधीक्षक आर.एस. कुशवाह ने किया. कार्यक्रम में योग गुरु विनय नागर, जेल चिकित्सक डॉ. नवीन चंद्रवंशी, प्रमुख मुख्य प्रहरी रामेश्वर झणिया, प्रहरी नाना अरड़, सुनील मुवेल, गौरव चौरसिया, महिला प्रहरी आरती सोलिया, एकता पटेल सहित समस्त बंदीगण एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहा.

एक नजर में | गीता जयंती महोत्सव में 'पुरुषोत्तम योग' ग्रंथ का लोकार्पण

# स्कूली बच्चों, गीतानुरागियों ने किया सामूहिक गीता स्वाध्याय

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेशभर में आयोजित गीता जयंती महोत्सव का इंदौर में भव्य रूप देखने को मिला. बॉस्केटबॉल कॉम्पलेक्स में सुबह से ही स्कूली बच्चों, संतों और गीतानुरागियों का सैलाब उमड़ा. हजारों विद्यार्थियों ने एक साथ बैठकर सामूहिक गीता स्वाध्याय और प्रेरणागीत का गायन किया तो पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा.**





हमारी टीम ने स्थल पर पहुंचकर देखा कि मंच पर शहर के जनप्रतिनिधियों और संतसमाज की मौजूदगी के बीच योगेश्वर श्रीकृष्ण के उपदेशों पर आधारित 'पुरुषोत्तम योग श्रीमद्भगवद् गीता' का लोकार्पण किया गया. महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, जिला शिक्षा अधिकारी शांतास्वामी भार्गव सहित बड़ी संख्या में विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक और संतगण मौजूद थे. संत समाज के उद्बोधन के दौरान माहौल भाव-विभोर हो गया. स्थल पर विश्व गीता प्रतिष्ठान उज्जैन की ओर से संस्था की स्थापना और उद्देश्य की जानकारी दी गई. बच्चों और उपस्थित जनों ने संतों के साथ गीता के श्लोकों का उच्चारण कर अद्भुत सामूहिकता का अनुभव किया. कार्यक्रम का संचालन सुनयना शर्मा ने किया और समापन गीता आरती के साथ हुआ.

### जीवन की हर कठिनाई का समाधान

अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के स्वामी जगतगुरु रामदयाल महाराज ने कहा कि प्रदेश में आज दिवाली जैसा उल्लास है. उन्होंने गीता को 'मास्टर चाबी' बताते हुए कहा कि जीवन की हर कठिनाई का समाधान इसी में निहित है. उनके मुताबिक गीता भगवान से मित्रता करना सिखाती है और अर्जुन की तरह हर व्यक्ति को समय का मूल्य समझकर आगे बढ़ना चाहिए. बाबा साहब डॉ. प्रदीप तराणेकर ने 'पुरुषोत्तम योग' की व्याख्या करते हुए इसे ब्रह्मविद्या, योगविद्या और वेदविद्या का समुच्चय बताया. उन्होंने कहा कि गीता मनुष्य को निराशा से आशा और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है. स्वामी सुश्री परमानंदा ने गीता को 'विश्व-वंदनीय माता' बताया, जबकि स्वामी ऐश्वर्यानंद ने इसे श्रीकृष्ण की अमृतवाणी कहा, जिसका पान हर किसी को करना चाहिए.